
## न्यूज डायरी



### हिजाब विवाद को भड़काने में जुटे पाकिस्तानी विदेश मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत के कर्नाटक राज्य में मुस्लिम लड़कियों के स्कूल के अंदर हिजाब पहनने को लेकर चल रहे विवाद को पाकिस्तान सरकार और ज्यादा भड़काने में जुट गई है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री के बाद अब बड़बोले विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी हिजाब विवाद में कूद पड़े हैं। कुरैशी ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखना उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि दुनिया को यह समझना होगा भारत में यह मुसलमानों के दमन का प्लान है। कुरैशी ने ट्वीट करके कहा, (भारत में) मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखना उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है। ऐसे किसी भी मूलभूत अधिकार से किसी को विमुख करना और उन्हें हिजाब पहनने को लेकर सताना दमनकारी है।

### पाकिस्तान के लिए भस्मासुर बना तालिबान, सीमा पर बनाएगा 30 सैन्य चौकिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में अशरफ गनी की सरकार को हटाने में दिल खोलकर मदद करने वाले पाकिस्तान के लिए तालिबानी आतंकी भस्मासुर बन गए हैं। एक तरफ जहां तालिबान का पालतू टीटीपी पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर रहा है, वहीं दूसरी ओर तालिबानी सरकार अब डूरंड लाइन पर 30 नई सैन्य चौकियां बनाने जा रही है। तालिबान का मकसद पाकिस्तानी सैनिकों के अफगानिस्तान की सीमा में घुसने से रोकना है। यही नहीं तालिबान ने ऐलान किया है कि वह पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा को अलग करने वाली डूरंड लाइन को भी नहीं मानता है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक तालिबानी अफगानिस्तान में दी गई पाकिस्तानी सेना की मदद को भी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। अफगानिस्तान में जब तालिबानी शासन आया था, उस समय पाकिस्तान ने जमकर जश्न मनाया था लेकिन वही तालिबानी अब पाकिस्तान के लिए नासूर बनते जा रहे हैं। इमरान खान ने तो तालिबानी जीत को अपनी जीत के रूप में लिया था।

### कोविड–19 की गंभीरता के खिलाफ कायम रहती है वैक्सीन की सुरक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्टाकहोम। सार्स सीओवी–2 के खिलाफ वैक्सीन की सुरक्षा कुछ महीने बाद धीरे–धीरे कमजोर पड़ने लगती है, लेकिन कोविड–19 की गंभीरता के खिलाफ उसकी सुरक्षा बेहतर बनी रहती है। 'द लैंसेट जर्नल' में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया है कि सुरक्षा में कमी आने की गति वैक्सीन के प्रकार पर निर्भर करती है। स्वीडन स्थित उमिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पीटर नार्डस्ट्राम ने कहा, 'बुरी खबर यह है कि वैक्सीन की दूसरी खुराक के सात महीने बाद संक्रमण के खिलाफ सुरक्षा कम होती दिख रही है, लेकिन अच्छी खबर यह है कि गंभीर संक्रमण के खिलाफ बेहतर सुरक्षा बनी रहती है। गंभीर संक्रमण के कारण कोविड के मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ती और कई बार उनकी मौत भी हो जाती है।

### केवल 15 प्रतिशत तटीय क्षेत्र सही स्थिति में, शोधकर्ताओं ने जताई चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। हमारी धरती पर मानवीय गतिविधियों के कई दुष्परिणाम पड़े हैं। जलवायु परिवर्तन हो या बढ़ता प्रदूषण, ऐसे ही कई संकटों को वर्तमान में हम देख रहे हैं। इसी कड़ी में एक और चिंताजनक बात सामने आई है। एक नवीन अध्ययन के आधार पर शोधकर्ताओं ने कहा है कि विश्व में अब केवल 15 प्रतिशत तटीय क्षेत्र ही सही स्थिति में है, जो मानवीय गतिविधियों के दबाव से अब तक अछूता रहा है। यह अध्ययन वैश्विक स्तर पर तत्काल तटीय पुनर्वास और संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आस्ट्रेलिया में यूनिवर्सिटी आफ क्वींसलैंड (यूक्यू) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय दल ने तटीय क्षेत्रों पर मानवीय गतिविधियों के प्रभाव की मैपग की, ताकि उन क्षेत्रों की पहचान की जा सके, जिन्हें नुकसान पहुंचा है और जो अभी तक मानवीय दखल से अछूते रहे हैं।

# बलूचों को पाकिस्तानी सेना से जंग की ट्रेनिंग दे रहा टीटीपी

**प्रशिक्षण**

## तहरीक–ए–तालिबान बीएलए के विद्रोहियों को अपने ट्रेनिंग कैंप में दे रहा प्रशिक्षण



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना के लिए काल बन चुके टीटीपी आतंकियों ने अपने दुश्मन का खात्मा करने के लिए बलूचिस्तान के विद्रोही गुट बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकुओं को ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। तहरीक–ए–तालिबान बीएलए के विद्रोहियों को पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर मौजूद अपने ट्रेनिंग कैंप में इन आतंकियों को यह प्रशिक्षण दे रहा है। इस ट्रेनिंग का असर यह हो रहा है कि हाल ही में बीएलए ने बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के एक मुख्यालय पर कब्जा करके कई सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था।

खैबर–पख्तूनख्वा प्रांत में सक्रिय टीटीपी के एक आतंकी ने रूस की समाचार एजेंसी स्पुतनिक को बताया कि इस ट्रेनिंग के बदले में बीएलए हमें बलूचिस्तान में घुसने में मदद कर रहा है। आतंकी ने बताया कि जब पाकिस्तानी सेना खैबर पख्तूनख्वा इलाके में आतंकवाद निरोधक अभियान चलाती है तो वे इससे बचकर बलूचिस्तान भाग जाते हैं। टीटीपी के ये कथित ट्रेनिंग कैंप अफगानिस्तान पाकिस्तान की सीमा पर मौजूद हैं।

**बलूच विद्रोही पाकिस्तान और चीन का जोरदार विरोध कर रहेः** बीएलए और टीटीपी दोनों ही लगातार पाकिस्तानी सेना पर हमले कर रहे हैं। टीटीपी के आतंकी पाकिस्तान की इमरान खान सरकार को हटाकर उसकी जगह पर एक इस्लामिक शरिया कानून आधारित शासन लागू करना चाहते हैं। वहीं बलूच विद्रोही पाकिस्तान और चीन का जोरदार विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ये दोनों ही बलूचों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। उनके लोगों को मार रहे हैं। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत दोनों ही अफगानिस्तान की सीमा से सटे हुए हैं। इन दोनों ही गुटों ने तालिबान के अफगानिस्तान में सत्ता में आने के बाद पाकिस्तानी सेना पर हमले तेज कर दिया है। पाकिस्तान की एक रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान में पिछले साल 103 हमले हुए जिसमें 170 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में सबसे ज्यादा हमले हुए।

**इमरान खान का दावा, आतंकियों को विदेशी समर्थनः** उधर, बलूचिस्तान में विद्रोहियों के हमले के बाद पहुंचे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत दक्षिण–पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में हाल में हुए घातक हमलों में शामिल आतंकवादियों को विदेशी समर्थन प्राप्त था। पिछले हफ्ते प्रांत के नौशकी और पंजगुर इलाकों में बलूच विद्रोहियों द्वारा किए गए हमले के बाद हुई झड़पों और परिणामस्वरूप चलाये गये अभियान में कम से कम नौ सैनिक और 20 आतंकवादी मारे गए थे। प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमलों की जिम्मेदारी ली है। अलगाववादी संगठन ने हाल ही में सुरक्षा बलों और प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर दिए हैं। सुरक्षा बलों ने दावा किया था कि संघर्ष के दौरान उन्होंने आतंकवादियों और अफगानिस्तान तथा भारत में बैठे उनके आकाओं के बीच हुई बातचीत को इंटरसेप्ट किया था।

## अमेरिका यूएई की रक्षा के लिए एफ–22 फाइटर जेट तैनात करेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों के हमले झेल रहे संयुक्त अरब अमीरात की रक्षा के लिए अमेरिका आगे आया है। अमेरिका ने ऐलान किया है कि वह अपने सबसे खतरनाक समझे जाने वाले एफ–22 फाइटर जेट और एक गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रायर को यूएई के आसपास तैनात करेगा। अमेरिका का जंगी जहाज यूएसएस कोल खाड़ी देश के आसपास समुद्र में गश्त लगाएगा।

अमेरिकी सेना के मध्य कमान ने मंगलवार को एक बयान जारी करके कहा, हम समझते हैं कि यह एक मित्र की संकट के समय दूसरे मित्र की मदद है। अमेरिकी सेना सेंट्रल कमांड के कमांडर केनेथ एम मैकेंजी इस समय यूएई के आधिकारिक दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि फाइटर जेट और जंगी जहाज की तैनाती यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए है। यूएई इस समय हूती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना कर रहा है।

**ड्रोन विमानों को उड़ाने भरने से पहले ही करेंगे तबाह**

अमेरिकी जनरल ने कहा कि अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर दुश्मन के ड्रोन विमानों के उड़ाने भरने से पहले ही उन्हें तबाह करने के प्रभावी हल को निकालने के लिए काम कर रहा है।



## 50 हजार के करीब पहुंचे संक्रमण के मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन तेजी से फैल रहा है। वायरस का प्रकोप अपने चरम पर है। दैनिक मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। नए मामलों में हो रही वृद्धि की संख्या अब एक नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी के हवाले से बताया कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 49,567 मामले सामने आए हैं, जिससे कुल संक्रमित मामलों की संख्या बढ़कर 1,131,239 हो गई है। कोरोना के मामले एक दिन पहले 36,719 दर्ज किए गए थे।

# चीन की जहरीली 996 संस्कृति का शिकार बना एक और कर्मचारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। चीन की जहरीली '996 संस्कृति' का शिकार एक और कर्मचारी हो गया है। अत्यधिक ओवरटाइम के बाद एक और चीनी तकनीकी कर्मचारी की मौत हो गई है, जिससे उद्योग की '996 संस्कृति' पर बहस फिर से शुरू हो गई है। द गार्जियन की रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। कंपनी ने इस बात से इनकार किया कि उसने कर्मचारी से अधिक काम लिया, लेकिन कहा कि वह अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देगी।

शनिवार दोपहर को अपने घर से अस्पताल ले जाने के तुरंत बाद 25 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर अस्पताल में मौत हो गई। वीडियो प्लेटफॉर्म बिलिबिली, जहां वह व्यक्ति एक कंटेंट ऑडिटर के रूप में कार्यरत था, उन्होंने कहा कि कंपनी के प्रतिनिधि सहायता के लिए अस्पताल गए और फिर उसके परिवार को सूचित किया।

**उद्योगों की '996 संस्कृति' पर बहस फिर से शुरू हो गई**

**छह दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक कामः** सोमवार को एक कार्यस्थल ब्लॉगर द्वारा उसकी मृत्यु की रिपोर्ट ने '996' नामक एक जहरीली ओवरटाइम संस्कृति के बारे में गर्म चर्चा को फिर से शुरू कर दिया– इस उम्मीद का जिक्र करते हुए कि कर्मचारी, विशेष रूप से तकनीकी उद्योग में, सप्ताह में छह दिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक काम करते हैं।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व में अलीबाबा के संस्थापक जैक मा सहित हाई–प्रोफाइल हस्तियों द्वारा इस उम्मीद को बढ़ावा दिया गया है। व्यक्ति की मौत से संबंधित एक हैशटैग और वीबो पर अधिक काम करने के आरोप सहित, करोड़ों बार देखा गया, जिसमें आरोप भी शामिल हैं कि सरकार ने वर्ष 2020 में समस्याओं का समाधान करने के लिए पर्याप्त नहीं किया था क्योंकि हाई प्रोफाइल मौतों की एक बड़ी संख्या में ओवरवर्क से जुड़ी हुई थी।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दी धमकी, नाटो में शामिल हुआ यूक्रेन तो होगा परमाणु युद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। यूक्रेन को लेकर जारी तनाव के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर कीव नाटो में शामिल हुआ तो परमाणु युद्ध होगा। पुतिन ने यह चेतावनी ऐसे समय पर दी है, रूस ने पोलैंड की सीमा के पास परमाणु हथियार लेकर जाने में सक्षम मिग–31 के विमानों को तैनात किया है। रूस ने इस बात का भी खंडन किया है कि पुतिन और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के बीच बातचीत के दौरान यूक्रेन पर डील हो गई है। रूस का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब फ्रांस ने दावा किया है कि यूक्रेन पर रूसी राष्ट्रपति से बातचीत में यूक्रेन पर रियायत मिल गई है। पुतिन ने इस बातचीत के दौरान यह भी कहा कि पश्चिमी देशों ने हमारी चिंताओं पर कोई ध्यान नहीं दिया है। मैक्रों ने कहा कि पुतिन ने उन्हें बताया है कि वह यूक्रेन में तनाव को नहीं भड़काएंगे और बेलारूस में न तो रूस का स्थायी ठिकाना होगा और न ही रूसी सेना की तैनाती स्थायी होगी।